# इलाहाबाद विश्वविद्यालय
# UNIVERSITY OF ALLAHABAD
(A Central University)

पत्रांक : 8202            दिनांकः 20.11.2025

**सेवा में,**

**निदेशक,**
**आई0सी0टी सेल,**
**इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज ।**

महोदय जी,

कृपया निम्नलिखित निविदा सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड/प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।

## नीलामी सूचना

दिनाँक:20.11.2025

विश्वविद्यालय के विभिन्न लॉनों से निकालकर विश्वविद्यालय केन्द्रीय लाईब्रेरी के पीछे व अन्य स्थानों पर रखी हुई समस्त निष्प्रयोज्य लोहे की ग्रिलों एवं विश्वविद्यालय गेस्ट हाउस से निकाले गए निष्प्रयोज्य 17 स्प्लिट एसी और 08 विन्डो एसी को "जहाँ है जैसे है के आधार पर" (**"As is where is basis"**) खुली बोली के माध्यम से नीलामी हेतु बैठक **दिनाँक 24/11/2025 अपरान्ह 12:00 बजे, कुलानुशासक कार्यालय** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में आयोजित की जाएगी। नीलामी में भाग लेने के इच्छुक बोली दाता उपरोक्त स्थान पर आकर निष्प्रयोज्य लोहे की ग्रिलों एवं निष्प्रयोज्य एसी का निरीक्षण करके खुली बोली में प्रतिभाग हेतु उक्त स्थान, तिथि एवं समय पर उपस्थित होने के लिए आमंत्रित किए जाते हैं।

### नीलामी हेतु शर्ते एवं विवरण निम्नवत है:-

1. नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति/ संस्था को नीलामी से पहले आधार कार्ड, पैन कार्ड की छायाप्रति एवं धरोहर धनराशि रू 20,000 जमा करना अनिवार्य है।
2. नीलामी प्रक्रिया में अंतिम निर्णय नीलामी समिति का मान्य होगा। नीलामी की बोली संतोषजनक न होने की दशा में नीलामी बोली दाताओं का कोई दावा मान्य नहीं होगा।
3. बोली स्वीकृत होने पर बोली दाता को सम्पूर्ण धनराशि को वित्त अधिकारी कार्यालय इलाहाबाद विश्वविद्यालय में जमा करने की , जिम्मेदारी बोलीदाता की होगी एवं एक सप्ताह के अन्दर निष्प्रयोज्य सामाग्रियों को अपने खर्चे पर विश्वविद्यालय परिसर से बाहर ले जाना होगा।

<u>प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–</u>

1. कुलसचिव ।
2. मुख्य कुलानुशासक ।
3. वित्त अधिकारी ।
4. विश्वविद्यालय पी0आर0ओ को इस निवेदन के साथ प्रेषित कि सम्बन्धित निविदा सूचना को विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।
5. कुलपति महोदया के सचिव को कुलपति महोदया के सादर सूचनार्थ ।
6. जिलाधिकारी कार्यालय प्रयागराज नोटिस बोर्ड ।
7. पी0एच0क्यू0 नोटिस बोर्ड ।
8. लोक सेवा आयोग नोटिस बोर्ड ।
9. कर्मचारी चयन आयोग, प्रयागराज।
10. पी0डब्लू0डी नोटिस बोर्ड ।

कुलसचिव
इलाहाबाद विश्वविद्यालय